भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 581

गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

डाबोलिम विमानपत्तन से विमानों का प्रचालन

581. कैप्टन विरयाटो फर्नांडीस:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन सभी ऑपरेटरों का ब्यौरा क्या है जिन्होंने डाबोलिम से मोपा विमानपत्तन पर प्रचालन स्थानांतरित कर दिया है;

(ख) डाबोलियम विमानपत्तन से वर्तमान में प्रचालन कर रहे सभी ऑपरेटरों का ब्यौरा क्या है;

(ग) डाबोलियम विमानपत्तन से प्रचालन जारी रखने और डाबोलियम से विमान ऑपरेटरों को प्रचालन करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या विमान कंपनियों के लिए प्रचालन को एक विमानपत्तन से दूसरे विमानपत्तन पर स्थानांतरित करने के बारे में सरकार/नागर विमानन मंत्रालय को रिपोर्ट करने की कोई प्रक्रिया/नियम है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) वर्ष 2023-2024 के दौरान क्रमश: डाबोलियम और मोपा हवाई अड्डे पर कुल कितने यात्रियों ने आवाजाही की?

उत्तर
नागर विमानन राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) : जिन परिचालकों ने अपना परिचालन डाबोलिम से मोपा हवाईअड्डे पर स्थानांतरित किया है, वे इस प्रकार हैं:

(i) स्पाइसजेट लिमिटेड
(ii) ओमान एयर
(iii) कतर एयरवेज
(iv) टीयूआई एयरवेज

(ख) : वर्तमान में डाबोलिम हवाईअड्डे से परिचालन करने वाले परिचालक इस प्रकार हैं:

i. एअर इंडिया

ii. इंडिगो
iii. एअर इंडिया एक्सप्रेस
iv. एआईएक्स कनेक्ट
v. विस्तारा
vi. एलाइंस एअर
vii. गल्फ एअर
viii. एयर अरेबिया
ix. एससीएटी एयरलाइंस
x. एयरोफ्लोट

(ग) और (घ) : मार्च 1994 में वायु निगम अधिनियम के निरस्त होने के साथ, भारतीय घरेलू
विमानन को पूरी तरह से नियंत्रणमुक्त कर दिया गया। सरकार द्वारा जारी मार्ग संवितरण दिशानिर्देशों के अनुपालन में और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा अनुसूची के अनुमोदन दिए जाने पर, एयरलाइनें किसी भी वहन क्षमता के विमान को अपने बेड़े में शामिल कर सकती है और सेवा प्रदान करने और प्रचालन के लिए किसी भी बाजार और नेटवर्क का चयन कर सकती हैं।

(ङ) : वर्ष 2023-24 के दौरान घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों क्षेत्रों में, डाबोलिम और मोपा हवाईअड्डों पर यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या इस प्रकार है:
डाबोलिम हवाईअड्डा - 68.55 लाख
मोपा हवाईअड्डा - 44.38 लाख

******